# अवैध कॉलोनी दो ,ग्राम एक : कॉलोनाईजर पर कार्यवाही शून्य

**सिवनी नवभारत। मध्यप्रदेश मे प्रदेश सरकार अवैध कॉलोनियो को लेकर नये नये कड़े कानून बनाने का मसौदा तैयार कर रही है जिस पर किसी भी प्रकार से अवैध कॉलोनी काटने और भूखंड बेचने वालो पर शिकंजा कस सके और उन्हें सीधा जेल भेज सके,तो वही कुछ भ्रष्ट किस्म के लोग अवैध कॉलोनी काटकर भूखंड बेचने से बाज नही आ रहे है कुछ इसी तरह का अवैध भूखंड बेचने का मामला नगरीय क्षेत्र से लगे कटंगी रोड से लगी कॉलोनी का है जहाँ एक ही ग्राम मे एक ही स्थान पर आबिद खान पिता सादिक खान, मुस्तफ़ा खान पिता असदू खान, मो . जीशान खान पिता मो . हफीज खान द्वारा अवैध कॉलोनी का निर्माण किया गया है जिसको लेकर नगर के समाजसेवी परमानंद जायसवाल ने पुलिस एफआईआर के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी को शिकायत किया है।**

### यह है पूरी शिकायत

शिकायतकर्ता समाज सेवी परमानंद जायसवाल द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी को अपने शिकायत पर बताया है की आवेदक की पहल पर हल्का पटवारी द्वारा ग्राम डोरली छतरपुर की 02 भूमियों पर अवैध कॉलोनी स्थापित करने वाले मुस्तफा खान पिता असदू खान और मोहम्मद जीशान खान पिता मोहम्मद हफीज खान के नाम एक प्रकरण तथा मोहम्मद आबिद खान पिता मोहम्मद सादिक खान के विरुद्ध दूसरा प्रकरण अवैध कालोनी स्थापित करने बाबद प्रतिवेदन तहसीलदार सिवनी को प्रस्तुत किया गया था जिस पर तहसीलदार सिवनी द्वारा ज्ञापन 4 फरवरी 2019 को अनुविभागीय अधिकारी सिवनी को अग्रेषित किया गया था।


फाईल फोटो

उक्त दोनों प्रकरण जो कि एक ही स्थान के, एक ही ग्राम डोरली छतरपुर के थे, उनमें से एक प्रकरण क्रमांक 0081/बी-121/2024-25 में तो मुस्तफा खान पिता असदू खान एवं एक अन्य के विरूद्ध एफ.आई.आर. पंजीबद्ध कराने के आदेश जारी कर दिये गये किंतु दूसरे प्रकरण में मो. आबिद खान पिता मो. सादिक खान के विरूद्ध अपराध कारित किये जाने के पर्याप्त प्रमाण अभिलेख पर मौजूद होने के बावजूद एफ.आई.आर. पंजीबद्ध कराने की कार्यवाही नहीं की गई, जो समान परिस्थितियों में विभेदकारी युक्ति अपनाकर एक को दंडित कराने और दूसरे को सदोष संरक्षण पहुंचाने की पक्षपाती कार्यवाही को पुष्ट करता है, जो घोर (1912) विधान विपत्तिजनक है।

यहां उल्लेखनीय है कि मोहम्मद आबिद खान पिता मोहम्मद सादिक खान द्वारा ग्राम डोरली छतरपुर के खसरा नंबर 36/6, 38/6, 39/6, 41/6 में से मोहम्मद इशाक खान पिता मोहम्मद इसराइल खान, अतिक खान पिता मजीद खान, शबनम पत्नी फईम खान, अब्दुल हक खान पिता अब्दुल मुजीब खान, जैद पिता समीउल्ला खान और जैद खान पिता समीउल्ला खान शोएब आजमी पिता समीउल्ला खान, संतोष पिता छोटेलाल सोनी के नाम से पृथक पृथक भूखंड विक्रय किए गए हैं, जिसके नामांतरण उपरांत इन भूमि स्वामियों के नामे अंकित खसरा प्रपत्रों/बही की प्रतियां प्रमाण स्वरूप संलग्न कर अवलोकनार्थ सादर प्रस्तुत की जा रहीं हैं।

अत: संलग्न प्रस्तुत्त दस्तावेजी प्रमाणों के आलोक में से आबिद खान पिता सादिक खान के विरुद्ध भी अवैध कालोनी स्थापित्त करने के अपराध की एफ.आई.आर. पंजीकृत कराने का आदेश जारी करने की कृपा करें तथा मध्य प्रदेश ग्राम पंचायत (कॉलोनीयों का विकास) नियम 2014 के नियम 21 के अनुपालन में उक्त भूमि के प्रबंध को अपने अधिकार में लिया जाकर नियमानुसार आगे की कार्यवाही भी करने की कृपा करें, तो अब देखना यह है की समाजसेवी परामनंद जायसवाल की इस सप्रमाण शिकायत पर प्रशासन क्या कार्यवाही करता है या फिर दोषियों को अभयदान देता है।

## अरुण राय को मिला शिक्षा शिखर सम्मान



सिवनी। अरुण राय को-शिक्षा परिदृश्य में आधार भूत सुदीर्घ सेवाएं, अपने संकल्प, मन-वचन एवं कर्म से, विपरीत परिस्थितियों मे भी अपने कौशल, दृढ- निश्चय से सर्वशिक्षा-अभियान के सभी सौपानो मे अपने नि:स्वार्थ भाव से निभाए गये दायित्वों के लिए कल्चुरी शिरोमणी स्व.श्रीमती इंदुबाला हांडा स्मृति जयपुर शिक्षा शिखर सम्मान से सम्मानित किया जाता है। उक्त शब्दो से रचे एवं सजे अभिनंदन पत्र प्रदान कर श्री अरुण राय, पूर्व बीआरसीसी को दिनांक 14सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय कल्चुरी कवि परिषद एवं साहित्य साधना मंच सीहोर द्वारा, हिंदी दिवस पर सीहोर मे राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अखिल भारतीय हिंदी महोत्सव एवं कवि सम्मेलन में शिक्षा शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया।

जैसा कि विदित है 25 वर्षों की शिक्षा विभाग मे लगातार दी गयीं सेवाओं के चलते श्री अरुण राय के द्वारा विद्यार्थियों के गुणवत्ता विकास एवं शिक्षको की पठन-पाठन की शैली पर अनेक विश्लेषण कर समाधान प्रस्तुत किए गये है साथ ही साथ श्री राय के द्वारा किए गये परिणाम कारक नवाचारों एवं प्रयोगों पर जिले एवं राज्य स्तर पर सम्मानित भी किया गया है। विभिन्न कार्यक्रमों एवं आयोजनो मे विगत 25 वर्षो से लगातार संचालन करने पर 15अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में संस्कृति जैन, कलेक्टर सिवनी द्वारा अरुण राय को सम्मानित भी किया गया।

## केबिनेट मंत्री बाथम पहुंचे छपारा, हुआ स्वागत

**छपारा नवभारत।** मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष केबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन सीताराम बाथम का सोमवार 15 सितंबर को उनके दौरा में अल्प समय के लिए नगर पर आगमन हुआ सुबह लगभग 10 बजे सबसे पहले आदर्श मछुआ सहकारी समिति छपारा द्वारा नगर के कृषि उपज मंडी प्रांगण में सम्मान समारोह में साल श्री फल से स्वागत किया गया उक्त अवसर पर स्थानीय मछुआरों की बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं




नगर के खैर माई मढिया मंदिर में भेंट की गई छपारा भाजपा मंडल के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ठाकुर सहित पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भी स्वागत किया जिसके बाद नगर के विश्राम गृह में कुछ समय रुककर केबिनेट मंत्री बाथम का काफिला सिवनी की ओर रवाना हो गया।

## नो एंट्री में घुसने वाले वाहनों पर कार्यवाही

सिवनी नवभारत। नगर के अंदर भारी वाहनों के आवागमन को प्रात: 7:00 से लेकर दोपहर 2:00 बजे तक एवं शाम 4 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक प्रतिबंधित किया गया हैं। उक्त समय अवधि में प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने पर दो वाहनों पर जिनके वाहन क्रमांक क्रमश: एचपी 19 सी 2005 एवं एमपी 22 जी 3564 पर 5000-5000 रुपए का जुर्माना लगाते हुए कुल 10000 का समन शुल्क वसूल किया गया।

## बिना मान्यता के संचालित हो रहा स्कूल, शिक्षा विभाग बना मूकदर्शक

**सिवनी नवभारत।** क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पेंच मोगली टूरिया में ज्ञानदीप स्कूल लंबे समय से बिना मान्यता के संचालित हो रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि शिक्षा विभाग इस पर आंखें मूंदे बैठा है और पूरे मामले पर मेहरबान दिखाई दे रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस स्कूल ने हाल ही में शिक्षा विभाग से पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) की मांग की थी, लेकिन शासकीय भवन में कक्षाएँ संचालित होने और भवन का रजिस्टर्ड किरायानामा न होने के कारण विभाग ने मान्यता प्रदान नहीं की। इसके बावजूद स्कूल लगातार मनमाने ढंग से संचालन कर रहा है।




**परीक्षाओं पर संकट**

स्थिति और गंभीर इसलिए हो गई है क्योंकि कक्षा पाँचवीं और आठवीं की परीक्षाएँ नजदीक हैं। ऐसे में बिना मान्यता वाले इस स्कूल के बच्चों के भविष्य पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। परीक्षा परिणाम और प्रमाणपत्र को लेकर अभिभावक गहरी चिंता में हैं।

**जनता की अपेक्षा**

स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने मांग की है कि शिक्षा विभाग तत्काल ज्ञानदीप स्कूल की मान्यता निरस्त कर शासकीय भवन को खाली कराए, ताकि आगे किसी प्रकार का दुरुपयोग न हो और बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहे।

**नियमों की अनदेखी**

प्रदेश में बिना मान्यता स्कूल चलाना पूरी तरह नियम विरुद्ध है। न केवल भवन का पंजीकृत किरायानामा होना आवश्यक है बल्कि सुरक्षा, सुविधाएँ और शिक्षा मानकों का पालन भी जरूरी है। ज्ञानदीप पेंच मोगली टूरिया का मामला विभागीय लापरवाही और नियमों की अनदेखी का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है।

### एक नजर में

## रामवती भारद्वाज का निधन,



**सिवनी।** घंसौर की प्रतिष्ठित भारद्वाज परिवार में कल दोपहर में लंबी बीमारी की चलते श्रीमती रामवती भारद्वाज जिनकी उम्र लगभग 97 वर्ष के बाद अचानक स्वर्गवास हो गया जो श्री राम भारद्वाज की माता एवं नवभारत समाचार पत्र के घंसौर संवाददाता यशवंत भारद्वाज की दादी थी जिनकी अंतिम यात्रा आज सोमवार सुबह 11:00 निज निवास से अंतिम यात्रा निकली जाएगी । नवभारत परिवार ईश्वर से कामना करता है कि इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान की जाए ऐसी कामना करते हैं।

## ग्राम नगझर में शिविर का हुआ आयोजन




सिवनी। कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज लारोकर के मार्ग,दर्शन में संकल्प हब फॉर एंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत 10 दिवसीय विशेष जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है ।जिला सिवनी में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत पंजीकृत महिला हितग्राही को भारत सरकार की अटल पेंशन योजना से जोड़ने के लिए जिले की समस्त परियोजनाओ में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।इसी तारतम्य में प्रशासक वन स्टॉप सेंटर सुश्री ईशा बाल्मिक के मार्गदर्शन में दिनांक 12/09/2025 को ग्राम नगझर जिला सिवनी में शिविर आयोजित किया गया।जिसमें हितग्राही महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली ,प्रदान की जाने वाली सेवाएं,विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, महिला संबंधित अधिनियम के बारे में जानकारी दी ।कार्यक्रम में स्टेट बैंक मित्र अमर डहेरिया ने अटल पेंशन योजना की जानकारी दी और पात्र महिलाओं को योजना में पंजीबद्ध किया। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर श्रीमति वर्षा बेस ,परामर्शदाता श्रीमति संध्या ,पर्यवेक्षक श्रीमती मधु बघेल, हत्रूरूसे श्रीमती रजनी डहेरिया , सरपंच श्रीमति सरिता कठौते,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

## हाईस्कूल खरसारू में हुआ उमंग दिवस का आयोजन



**केवलारी नवभारत।** हाईस्कूल खरसारू उमंग दिवस का अयोजन किया गया जिसमें शाला स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वक्ताओं को आमंत्रित कर उनके कार्य एवं अनुभव से छात्र-छात्राओं को अपने संबोधन के माध्यम से अवगत कराया गया है। उक्त कार्यकम में मुख्य वक्ता के रूप में पुलिस थाना केवलारी से श्रीमति विक्की धुर्वे एस.आई, दंत चिकित्स डॉ विकास दुबे, डॉ. राजेश्वरी बघेल, इंजीनियर प्रवीण दुबे पत्रकार, संजीत बघेल, कुमारी डिलेश्वरी राणा सी.एच.ओ. खरसारू. भजन गायक गिरवर सिंह बघेल, खेल शिक्षक हेमंत शेण्डे ने अपने कार्य अनुभव एवं अपने क्षेत्र की कार्य प्रणाली से अवगत कराते हुये अपने अनुभव एवं अपने कार्य से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया एवं उक्त क्षेत्र में भविष्य बनाने हेतु प्रोत्साहित किया।वक्ताओं ने अपने वक्तव्य के दौरान छात्रों के पूछे गये प्रश्नों का समाधान कारक उत्तर दिया । प्रभारी प्राचार्य जगदीश प्रसाद साहू ने उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छों, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा की । उक्त कार्यकम में शाला के शिक्षक डी.पी. धुर्वे, संतकुमार उट्टे, अमनलाल चौरसिया, श्रीमति खेलवंती बट्टी ने भी भाग लिया कार्यकम का सफल संचालन कुमारी रोशनी शरणागत कम्प्यूटर आपरेटर ने किया ।

## वनविद्यालय में एलएनटी कंपनी को मिला ट्रेनिंग सेंटर

युवाओं को मिलेगा रोजगार

**सिवनी नवभारत।** सरकारी रोजगार छोड़कर निजी कंपनियों के द्वारा एलएनटी कंपनी के जैसे देश की सभी कंपनियां अपने-अपने स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कदम बढ़ाए तो निश्चित तौर से युवाओं को रोजगार मिल सकता है बेरोजगारी दूर हो सकती है। उत्तर सिवनी सामान्य वन मंडल की उप वन मंडल अधिकारी गोपाल सिंह की सूझबूझ से बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करने की दिशा में सराहनीय कदम उठाया गया है उनके द्वारा वन विभाग के वन विद्यालय लखनादौन में एलएनटी कंपनी को ट्रेनिंग सेंटर के लिए उपलब्ध कराया गया है एलएनटी कंपनी के द्वारा 18 से 34 वर्ष की आयु के युवाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है और ट्रेनिंग के बाद इन युवाओं को 18 से 25000 रुपए प्रति माह के वेतन पर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।यदि अन्य कंपनियां भी ऐसा ही कार्य कर सकती हैं तो अपराध से युवाओं को बचाने यह कल्याणकारी कार्य होगा। केशरी गोल्हानी के द्वारा ट्रेनिंग सेंटर का अवलोकन किया गया जहां वन विद्यालय लखनादौन में युवा ट्रेनिंग लेते हुए देखे गए एवं उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि श्री गोपाल सिंह जी के द्वारा एलएनटी कंपनी को ट्रेनिंग सेंटर उपलब्ध करा कर रोजगार की दिशा में एक कदम बढ़ाया गया है।



## विश्वकर्मा जयंती समारोह कल

सिवनी। भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह 17 सितंबर को विश्वकर्मा मंदिर महावीर वार्ड में मनाया जाएगा। जहां पर पूजन के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। विश्वकर्मा बढई समाज के अध्यक्ष सी पी सोनवाने ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई जा रही है। प्रात: 11:00 से हवन पूजन, दोपहर 3:00 सामाजिक गोष्ठी एवं शाम 5:00 बजे सामाजिक पदाधिकारियों के चुनाव के प्रक्रिया के संबंध में चर्चा की जाएगी। शाम 6:00 से प्रसाद वितरण एवं सामाजिक भोज का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी सामाजिक बंधुओं से उपस्थिति की अपील की गई है।

## 1199 .6 मिमी वर्षा दर्ज

सिवनी। जिले में 01 जून से 15 सितम्बर 25 तक 1199.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। सिवनी में 1032.0 मि.मी, कुरई में 866.0 मि.मी., बरघाट में 1136.2 मि.मी., केवलारी में 1450.2 मि.मी., छपारा 1099.5 मि.मी, लखनादौन में 1151.0 मिमी, धनौरा में 1130.9 मिमी एवं घंसौर में 1731.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 9596.8 वर्षा रिकार्ड की ।

## एसडीओपी ने कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं से किया संवाद

**लखनादौन नवभारत।** सिवनी जिले के लखनादौन में 13 सितंबर को कन्या शिक्षा परिसर में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष संवाद सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लखनादौन एसडीओपी अपूर्व भलावी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर एसडीओपी श्री भलावी का अभिनंदन किया। तत्पश्चात छात्राओं ने अपने भविष्य, करियर और पुलिस सेवा से जुड़े कई प्रश्न पूछे। एसडीओपी महोदय ने बच्चों के सवालों का उत्तर सरल एवं प्रेरणादायी ढंग से दिया और अपने जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने पुलिस सेवा के चार कैडरों की जानकारी देते हुए छात्राओं को कठिनाइयों से न घबराकर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।




छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न किए, जैसे वर्दी पहनने का अनुभव कैसा होता है, पुलिस सेवा चुनने की प्रेरणा कहाँ से मिली, पढ़ाई के लिए कौन से विषय चुने गए तथा इस सेवा में आने वाली चुनौतियाँ क्या हैं। इन सभी सवालों के जवाब श्री भलावी ने सहज भाषा और जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से दिए। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने अपने हाथों से तैयार प्रशंसा पत्र भेंट कर अतिथि का सम्मान किया। इस अवसर पर छात्राओं ने यह भी साझा किया कि सक्षम कार्यक्रम से उनके जीवन और सोच में सकारात्मक बदलाव आए हैं।इस कार्यक्रम में सक्षम जिला प्रबंधक गौतम कुमार, ब्लॉक प्रबंधक नेत्रपाल कटरे, कन्या शिक्षा परिसर के समस्त स्टाफ एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।

**आयोजन** | ब्रह्माकुमारी संस्थान में समर्पित बहनों के माता-पिता का किया गया स्वागत, सम्मान

## माता-पिता का सम्मान करना हम सबका फर्ज है : ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी



**सिवनी नवभारत।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान की जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी के 66वें जन्मदिवस के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में, सिवनी जिले की माटी में जन्मी ब्रह्माकुमारी बहनों के मात-पिता का सम्मान कर बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मझगवा के मौनी दादा आश्रम से बलवंतानंद जी को आमंत्रित किया गया।

सिवनी जिले के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि यहां करीब 70 बहने ब्रह्मा कुमारी बनी है। संपूर्ण जिले से सभी ब्रह्माकुमारी बहनों के माता-पिता को शांति शिखर में आमंत्रित किया गया और उनका भव्य सम्मान भी किया गया। सभी ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपने माता पिता के प्रति अपने दिल के भाव गीत, संगीत, नृत्य एवं नाटिका के द्वारा अभिव्यक्त किया। यह दृश्य बड़ा ही भावुक कर देने वाला था। सभी माता पिता अपने आप को बहुत गौरांवित महसूस कर रहे थे। सभी ब्रह्माकुमारी बहने अपने माता-पिता का सम्मान होता देखा बेहद प्रसन्न थी।

ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने कहा कि आज संपूर्ण सिवनी जिले में इस संस्थान की सेवाओं का जो विस्तार हुआ है इन सभी बहनों के सहयोग से ही संभव हुआ है, और इन बहनों को समर्पित होने की अनुमति प्रदान करने वाले इन माता-पिता का धन्यवाद अदा करना, इनका सम्मान करना यह हमारा फर्ज बनता है। कई जन्मों के पुण्य कर्म एकत्रित होते हैं तब जाकर माता पिता को ऐसी दिव्य संताने प्राप्त होती हैं, जो केवल एक परिवार नहीं लेकिन विश्व कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित करती हैं, त्याग, तपस्या और सेवा को अपना श्रृंगार बनाकर के स्वयं को परमात्मा पर समर्पित कर विश्व सेवा के लिए अपने आप को न्यौछावर कर देती हैं। धन्य है ऐसे मात-पिता और धन्य है यह बहने। हम अपने जन्म दिवस को आज इन बहनों के माता-पिता को समर्पित करते हैं और अपने जन्म दिवस पर इन सब का सम्मान करते हैं।

बलवंतानंद जी ने ज्योति दीदी के जन्मदिवस पर प्रेरणादाई उद्बोधन देते हुए कहा ज्योति दीदी जैसे व्यक्तित्व इस संसार में बहुत कम देखने मिलते हैं। संपूर्ण सिवनी जिले की ब्रह्माकुमारी संस्थान की संचालिका होने के बाद भी अपने आप को इतना गुप्त रखना, शांत एवं गंभीर एवं मान- अपमान, सुख-दुख, लाभ- हानि में अपने आप को हर परिस्थिति में समान मन: स्थिति बनाए रखना यह उच्च कोटि के संत की विशेषताएं होती है, जिसे श्रीमद् भागवत गीता में स्थित प्रज्ञा कहा गया है, जिन्हें किसी भी प्रकार के मान सम्मान की भूख नहीं, इतने बड़े पद में आसीन होने के बाद भी अपने आप को गुप्त रखना, छोटी बहनों को आगे बढ़ाना यह आपकी विशेषता है।

### दीदी के स्थान पर दादी का संबोधन : बलवंतानंद

बलवंतानंद जी ने कहा की ब्रह्माकुमारी संस्थान एक ऐसा संस्थान है जो कभी किसी धर्म संप्रदाय की निंदा नहीं करता। इस संस्थान में केवल अपने आपकी गलत आदतों पर विजय कैसे प्राप्त करें और सुबह से शाम तक की दिनचर्या भारतीय संस्कृति के अनुसार कैसे बनाएं इस पर बहुत ज्यादा ध्यान दिया जाता है। स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन को इन्होंने चरितार्थ किया है। अपने संबोधन के अंत में आपने कहा कि मेरी प्रबल इच्छा है कि क्योंकि अब ज्योति दीदी 66 वर्ष की हो चुकी है अत: अब उन्हें दीदी के स्थान पर दादी शब्द से संबोधन करने की इच्छा व्यक्त की ।

### संगीत के माध्यम से किया संवाद

ऐसी महान विभूति इस दुनिया में बहुत कम होते हैं और इन्हें जिन्होंने पहचान लिया वे उनके व्यक्तित्व से संपूर्ण लाभ प्राप्त करते हैं। बलवंतानंद जी ने विशेष इशारा दिया कि धन्य हो आप सभी बहने जो आपको ज्योति दीदी का संरक्षण मिला। इस कार्यक्रम में प्रभुदयाल नाग जी एवं इनके संगीत मंडली के द्वारा विशेष दीदी का एवं ब्रह्माकुमारी बहनों के माता पिता का स्वागत सम्मान संगीत के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़े करीब 600 भाई बहने उपस्थित थे।

## आवेदन 19 तक आमंत्रित

सिवनी। प्रभारी प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर द्वारा बताया गया कि विभागीय लेखा प्रशिक्षण परीक्षा 23 नवंबर को होना प्रस्तावित है। ऐसे समस्त परीक्षार्थी जो उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने चाहते हैं वे संबंधित कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं तथा परीक्षा फॉर्म 19 सितम्बर तक जमा करें।

पैसा ठीक होने के बाद
जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
शादी के पहले एवं शादी के बाद की कमजोरी, उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, टाइमिंग की कमी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का टेढ़ापन छोटापन, नि:संतानता, शिथिलता, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का सफल इलाज किया जाता है
सिवनी में मिलें
हर मंगलवार व बुधवार
प्राइवेट बस स्टेण्ड बैनगंगा काम्पलेक्स, शाप नं.-63, सिवनी
बालाघाट में मिलें
हर शनिवार व रविवार
गुरूनानक पेट्रोल पम्प के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट
9243880464,7879453857


श्री श्याम आयुर्वेदिक
गुप्त रोगी मिलें, जोश व टाईम बढ़ायें
शीघ्रपतन, स्वप्न दोष, नामर्दी, धातु, ढीलापन, बचपन में की गलतियों से नसों में आयी कमजोरी, इंद्रीय में पतलेपन व छोटा होना एवं शुक्राणु की कमी, सभी प्रकार के महिला व पुरुष के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है
पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
आशीर्वाद हॉस्पिटल के सामने, शुक्रवारी सिवनी मो.न 8989145127